(b) if so, the details of each of these letters; and

(c) what are the details of action, if i/initiated by Government in this isgard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) to (c) Kendriya Vidyalaya Sangathan has informed that the open letters from one of the Kendriya Vidyalaya teachers were being received in the Sangathan since July, 1991 through some of the Members of These letters contained >ns against various autho-were worded in intemperate ige. A disciplinary case has been initiated against the erring teacher.

महाराष्ट्र में शिव मन्दिर का रख-रखाव

575. श्री प्रमोद महाजन : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 27 अगस्त, 1993 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 451 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उस कार्य का ब्यौरा क्या है जिसे अब तक पूरा किया जा चुका है;

(ख) महाराष्ट्र में हरीश चन्द्र ग स्थित शिव मंदिर के मरम्मत कार्य पर कितनी धनराशि खर्च की गई है;

(ग) यह मरम्मत कार्य कब तक पूरा हो जाएगा; और

(घ) इस मन्दिर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को देखते हुए सरकार भविष्य में इसके रखरखाव के लिए क्या कदम उठाना चाहती है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा): (क) अब तक पूरे किएगए कार्यों का विवरण इस प्रकार है

(i) पश्चिमी दिशा में मुख्य मन्दिर तथा नाले के पास की गिरी हुई प्रांगण-भित्तियों को फिर से ठीक कर दिया गया है।

(ii) मन्दिर की पूर्वी दिशा में दो छोटे-छोटे मन्दिरों की छतों का जीर्णोद्धार किया गया है।

(iii) मुख्य मन्दिर के सामने, छोटे मन्दिर की गिरी हुई छत को फिर से ठीक कर दिया गया है।

(iv) सारे परिसर से घास-फास साफ कर दी गई थी।

(v) गुफाओं को जाने वाला मार्ग साफ कर दिया गया था तथा गुफाओं सामने नालियों एवं मोरियों की समुचित व्यवस्था कर दी गई थी।

(ख) इस स्मारक पर 1993-94 से संरक्षण कार्य हेतु 55,520/- रू० का व्यय हुआ।

(ग) और (घ) यह मन्दिर केन्द्रीय संरक्षित स्मारक है और इसके रखरखाव एवं संरक्षण का कार्य एक सतत प्रक्रिया है।

Transfers of Principals Vice Pri,nciaafs of KVS

576. SHRI GOVIND RAM MIRI:
SHRI N. GIRI PRASAD:
Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state.

(a) whether it is a fact that the Principa'is/Vice-Principals of about 150 Central Schools were transferred during the current session on the ground that they had completed more than 5 years of service at one place;

(b) if so, whether there is any such provision in the transfer policy of KVS.

(c) if so, the details thereof;

(d) whether it is also a fact that a large number *o*[r] the above transfer orders have been cancelled/modified; and

(e) if so, the details thereof and justification of cancellation|modirication order in each case?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA); (a) Co (e) Kendriya lya Sangathan has informed that 111 transfers of Principals/Vice-Principals have been ordered by Sangathan from 1-4-1994 to 30.11.1994 on various grounds including organisational/administrative exigencies and on requests made by the concerned employees, as per the provisions of the transfer guidelines.

Out of 111 cases of transfer orders issued, in 8 cases orders have been cancelled and in 33 cases the same have been modified on administrative/compassionate/medical grounds.

केन्द्रीय विद्यालयों के कार्यकरण का मूल्यांकन

577. **श्री आस मोहम्मद :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय विद्यालयों के कुल प्रबंध और कार्यकरण का कोई मूल्यांकन नहीं किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालयों व उनकी प्रबंध समिति के कार्यकरण की गहन व व्यापक समीक्षा करने के लिए उप मंत्री (शिक्षा व संस्कृति), मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय दर्जा प्रदान किया जाना

578. **श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी :**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 19 अगस्त, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 3311 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय स्तर प्रदान करने से संबंधित मामले की वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में कब तक निर्णय ले लिए जाने की सम्भावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : इलाहाबाद विश्वविद्यालय के योजनेत्तर व्यय के वर्तमान स्तर का मूल्यांकन इस उद्देश्य हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित समिति द्वारा किया गया है। इस संबंध में इस समिति के विचार उत्तर प्रदेश सरकार को टिप्पणियों के लिए भेजे गए हैं। इस मामले पर उपयुक्त निर्णय, भारत सरकार को राज्य सरकारों की टिप्पणियां प्राप्त होने के पश्चात ही लिया जा सकता है।

"मिस्टेक वाइ मिनिस्ट्री" शीर्षक से समाचार

579. **श्री गोविन्दराम मिरी :**
श्री जे० एस० राजू :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4-10 सितम्बर, 1994 के साप्ताहिक "संडे मेल" के नई दिल्ली संस्करण में "मिस्टेक वाइ मिनिस्ट्री एडमिटस अर्जन सिंह" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त गलती अब सुधार ली गई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) जी, हां केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि अगस्त, 1994 में पूछे गए तारांकित